

# संदेश

शिक्षा एक ऐसा अस्त्र है जिसके द्वारा बुराईयों पर विजय पायी जा सकती है। राम गिरीश राय पी0जी0 कालेज, भितरी दुबौली ने ऐसा ही संकल्प लिया है। घोर कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा की रोशनी जलाने और अध्ययन की निरंतरता बनाये रखने के लिए एक पहल की जा रही है।

ऐसा तो कभी नहीं होता कि गहराती अंधेरी रात से सूरज का निकलना ही बन्द हो जाता हो। असल में अंधेरा प्रकाश का विकल्प नहीं है। अंधेरा प्रकाश का अभाव है। माचिस की जलती हुई एक तीली अंधेरे का अस्तित्व मिटा देती है। दुबौली ग्राम सभा के लगभग आठ किलोमीटर की परिधि में माध्यमिक शिक्षण संस्थाएं तो हैं लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी तक कोई प्रकाश नहीं जल सका। शिक्षाविद स्व0 राम गिरीश राय के मन में सदैव यह कसक बनी रही। उन्होंने इस बात पर हमेशा चिंता जाहिर की कि शिक्षण संस्थान न होने की वजह से बहुत सारे बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो जा रहे है। उच्च शिक्षा व्यक्ति के अंदर परिवर्तनकामी चेतना को जागृत करती है और स्वस्थ मानसिकता के निर्माण में भी अपनी अहम् भूमिका निभाती है।

महाविद्यालय ग्राम भितरी, पो0–दुबौली, गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल में स्थित है। राम गिरीश राय पी0जी0 कालेज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्व0 राम गिरीश राय के सपनों को पूरा कर उनकी उम्मीदों को मूर्त रूप देना है। भारत सरकार के मंशा के अनुरूप इस महाविद्यालय की स्थापना से दक्षिणाचंल के हजारों छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सहज विकल्प उपलब्ध हो रहा है जो उनके भविष्य को नई दिशा प्रदान करने में सहायक है

इस क्षेत्र से तकरीबन प्रतिवर्ष पाँच हजार से अधिक छात्र–छात्राएं इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करते है और उनमें से अधिकांशतः उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल करना चाहते हैं उन छात्र–छात्राओं के जीवन में उच्च शिक्षा के बीज रोपित करने हेतु महाविद्यालय स्थापना काल से ही संकल्पित है।

गौर करने की बात यह भी है कि पूरा क्षेत्र ताल और ऊसर भूमि से प्रभावित है इस वजह से यहाँ के लोगों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे अपने बच्चों को बाहर भेजकर पढ़ाई का खर्च वहन कर सकें। क्षेत्र की जनता गरीब है लेकिन उच्च शिक्षा के प्रति उनके मन में ललक है। वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कराना चाहते हैं। यातायात के साधनों के अभाव में दूर के महाविद्यालयों में इस क्षेत्र के छात्र/छात्रायें शिक्षा प्राप्त करने में असुविधा के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाने वाले छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय एक अवसर उपलब्ध कराता है।

विकास के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है। शिक्षा ही विकास की मूल धुरी है। हम कुशल योग्य शिक्षकों के द्वारा क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प और प्रतिबद्ध हैं। इसदिशा में महाविद्यालय आप सबके सहयोग का आकांक्षी है।

**डॉ0 विनय कुमार राय**
प्रबन्धक
: 9450959292